हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 ड्रोन उड़ाने से लेकर तकनीकी कॅरियर की सीख पॉलिटेक्निक...



07 सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ टॉप 10 व समग्र...



खबर संक्षेप

मतदाता सूची से संबंधित शिकायत के लिये बीएलओ से संपर्क करें

सीहोर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, सीहोर जिले में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के 1,367 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी अथवा निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करने के लिये कहा है।

28 को बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर आयोजित होगा

सीहोर। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2026 को जिला पंचायत सीहोर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल अधिकार शिकायत निवारण शिविर (बेंच) का आयोजन किया जाएगा। आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा की सहभागिता में आयोजित यह शिविर प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक चलेगा। शिविर का उद्देश्य बाल अधिकारों से संबंधित शिकायतों के निराकरण तथा बच्चों के हितों के संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुनवाई करना है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव और अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 48 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में, डिप्टी कलेक्टर गिरीराज परिहार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिका की घोर लापरवाही : टाउन हॉल के पास बना कुंड बना कचरे का ढेर

गणेश उत्सव के अवशेषों से पटा पड़ा विसर्जन कुंड, गंदगी में कैसे होगी मां दुर्गा की विदाई !

सीवन पुत्र टीम का विसर्जन पात्र भी लबालब, पानी सड़ने से उठ रही दुर्गंध श्रद्धालुओं में आक्रोश







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में धार्मिक आस्था और पर्वों के सम्मान को लेकर नगर पालिका प्रशासन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के समीप नगर पालिका द्वारा निर्मित विसर्जन कुंड की स्थिति इन दिनों बेहद दयनीय बनी हुई है।

गणेश उत्सव को समाप्त हुए एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन विसर्जन के दौरान छोड़े गए अवशेष आज भी जस के तस पड़े हुए हैं। कुंड के अंदर गणेश प्रतिमाओं के टूटे हुए हिस्से, पीओपी के टुकड़े, सड़ी-गली फूल-मालाएं, नारियल, अगरबत्ती के पैकेट, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य पूजा सामग्री तैरती हुई स्पष्ट देखी जा सकती है। पानी पूरी तरह काला पड़ चुका है और उससे दुर्गंध उठ रही है।

नवरात्रि में कैसे होगा विसर्जन, बड़ा सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर में इस समय शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि चल रहा है। 9 दिनों की आराधना के बाद नवमी और दशहरे पर मां दुर्गा की सैकड़ों भव्य प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कुंड में किया जाना है। ऐसे में क्या नगर पालिका प्रशासन चाहता है कि ऐसे गंदे, दूषित और अपवित्र माहौल में ही जगत जननी मां दुर्गा की विदाई हो? इसको लेकर धर्मप्रेमी नागरिकों और पूजा समितियों में भारी नाराजगी है।

सीवन पुत्रों की मेहनत पर भी फिरा पानी

हैरानी की बात यह है कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के लिए समर्पित सीवन पुत्र टीम द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा और नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए विसर्जन घाट पर एक अलग विसर्जन पात्र (टब) रखा गया था। लेकिन नगर पालिका द्वारा समय पर कचरा न उठाए जाने के कारण वह पात्र भी पूरी तरह कचरे से लबालब भर चुका है। अब तो आलम यह है कि कचरा पात्र से बाहर निकलकर आसपास बिखरने लगा है।

श्रद्धालुओं ने की यह मांग

स्थानीय श्रद्धालुओं और समिति के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ से मांग की है कि नवरात्रि समाप्त होने से पहले विसर्जन कुंड की जेसीबी और पोकलेन मशीन से पूरी सफाई कराई जाए, सड़ा हुआ पानी निकाला जाए और स्वच्छ पानी भरा जाए। साथ ही घाट पर लाइट, साफ-सफाई और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी गरिमा, पवित्रता और सम्मान के साथ संपन्न हो सके।

उपयंत्री नगर पालिका सीहोर विजय कोली ने बताया कि विसर्जन कुंड को जल्द ही साफ कराया जाएगा। दुर्गा विसर्जन से पहले सारी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

राशन वितरण में गड़बड़ी, खाद्य पदार्थों में मिलावट पर करें कार्रवाई : कलेक्टर



सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा औषधि प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों का सुचारू रूप से उपार्जन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुसार खाद का पर्याप्त भंडारण एवं सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद और बीज की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि किसानों को बुवाई एवं फसल उत्पादन संबंधी गतिविधियों के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिलेभर में खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान अमानक खाद, बीज या कीटनाशक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और अनियमितता करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में डीडीए केके उपाध्याय, सहायक आयुक्त सहकारिता सुधीर केथवास, प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

त्योहारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करें : आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दुकानों का निरीक्षण किया जाए तथा नमूनों की जांच कराई जाए। मिलावट अथवा अन्य अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारी नियमित निगरानी रखें और जांच अभियान प्रभावी ढंग से संचालित करें।

दवा दुकानों और उचित मूल्य दुकानों की सतत निगरानी करें : कलेक्टर ने औषधि निरीक्षक को जिले की दवा दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा दवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं नियमों के पालन की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को राशन का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। राशन का समय पर उठाव हो तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। शासकीय उचित मूल्य दुकानों की लगातार जांच की जाए और अनियमितता अथवा गड़बड़ी सामने आने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और किसानों एवं आम नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आंवलीघाट पर गहरे पानी में जाने पर युवक की डूबने से मौत, पिता के साथ आया था नहाने

सीहोर। आवली घाट पर नर्मदा नदी में मंगलवार को नहाते समय 20 वर्षीय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। शव की पहचान रायसेन जिले के दिलारी बमोरी निवासी सोहन अहरिवार के रूप में हुई। वह अपने पिता मानसिंह अहरिवार के साथ आया था।



जानकारी के अनुसार, सोहन नहाते समय गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी जान जा चुकी थी। नवरात्रि पर्व से ठीक पहले प्रशासन ने नर्मदा घाटों पर सुरक्षा के लिए गोताखोरों की तैनाती और बैरिकेडिंग के दावे किए थे।

इस घटना ने इन व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घाटों पर चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त बैरिकेडिंग नहीं दिखी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। एसडीओपी रवि शर्मा ने मृतक की पहचान की पुष्टि की।

मरीह माता मंदिर पर महाष्टमी पर किया जाएगा 56 भोग का वितरण

सीहोर। शहर के विश्रामघाट के समीप स्थित प्राचीन मरीह माता मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ के साथ दुर्गा चालीसा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा आदि शामिल थे। जिला संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि प्राचीन मरीह माता मंदिर पर हर साल की तरह इस साल भी महाष्टमी और नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर महाष्टमी के पावन अवसर पर सुबह कन्या भोज और रात्रि 12 बजे महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा और इसके अलावा नवमी के दिन सुबह आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों की वध करने वाला कहा जाता है। ऐसा माना जाता है मां ने अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा हुआ है। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन विधि-विधान से मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की अराधना करनी चाहिए। मां की अराधना उं देवी चंद्रघंटायै नम का जप करके की जाती है। माता चंद्रघंटा को सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप, पुष्प अर्पित करें। आप मां को दूध से बनी हुई मिठाई का भोग भी लगा सकती हैं। नवरात्रि के हर दिन नियम से दुर्गा चालीस और दुर्गा आरती करें। बुधवार को मरीह माता मंदिर में कूष्माण्डा मां की पूजा अर्चना की जाएगी।

15 अक्टूबर को निकलेगी चुनरी यात्रा, 151 मीटर की चुनरी होगी अर्पित

हेलीकॉप्टर से 10 क्विंटल फूलों की होगी पुष्पवर्षा युवतियों की आठ गरबा टीमें देंगी अपनी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने शहर के बस स्टैंड स्थित आदिश्री होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर यात्रा की तैयारियों और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह 10:30 बजे प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर से चुनरी यात्रा का शुभारंभ होगा। इसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और श्रद्धालु शामिल होकर मां जगदंबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे। इस वर्ष माता रानी को 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी अर्पित की जाएगी। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी।

12 हजार से अधिक महिलाओं को प्रदान की गई पवित्र चुनरी

प्रेस वार्ता में प्रिंस राठौर ने बताया कि चुनरी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। अब तक करीब 12 हजार से अधिक महिलाओं को पवित्र चुनरी प्रदान की जा चुकी है। यात्रा में 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाएं शामिल होंगी। इसके अलावा बालिकाओं और युवतियों की आठ गरबा टीमें अपनी प्रस्तुतियां देंगी। यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी, जो धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी।

14 वर्षों से निरंतर निकल रही चुनरी यात्रा

चुनरी यात्रा पिछले 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। हर वर्ष हजारों की संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु इसमें शामिल होकर माता रानी को चुनरी अर्पित करते हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश भी देता है। प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर का प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं और माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

सनातन संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है यात्रा

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा हमारी आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। माता रानी के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा ही ऐसे आयोजनों को भव्य स्वरूप प्रदान करती है। सीहोर की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि मां जगदंबा की कृपा से हर वर्ष चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और सहभागिता बढ़ती जा रही है। 151 मीटर की चुनरी भक्तों की श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

प्रिंस राठौर ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं और श्रद्धालुओं से 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से इस धार्मिक आयोजन को और भव्य स्वरूप मिलेगा। 151 मीटर की चुनरी, दुर्गावाहिनी की बालिकाओं की सहभागिता, आठ गरबा टीमें, आकर्षक झांकियां और हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा इस वर्ष की चुनरी यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। माता रानी के जयकारों के बीच निकलने वाली यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश देगी।

झूलेलाल बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न

सीहोर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की झूलेलाल बस्ती में पथ संचलन का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। पथ संचलन का शुभारंभ गीता मानस भवन से हुआ। यहां से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए बस्ती की विभिन्न गलियों से निकले। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का अनुशासन, एकरूपता और राष्ट्र के प्रति समर्पण देखने को मिला। पथ संचलन बस्ती के विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित क्रम में संपन्न हुआ। पथ संचलन मे जगह जगह नगरजनों द्वारा पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में सीहोर नगर संघचालक भारत सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी शम्भूदयाल जी सक्सेना तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीहोर नगर प्रचारक आशीष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन करके किया गया। मुख्य वक्ता आशीष ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सदैव अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने वाले नागरिक हैं।

स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा को अपने जीवन का महत्वपूर्ण दायित्व मानते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य करते हैं। राष्ट्र के प्रति समर्पण, सामाजिक एकता, अनुशासन और नागरिक कर्तव्यों का पालन स्वयंसेवक के जीवन के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पंच परिवर्तन के महत्व को समझना और उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना आवश्यक है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, सामाजिक समरसता बढ़ाने, परिवार में संस्कारों को सुदृढ़ करने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वदेशी भाव को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किया जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए नागरिक बोध का परिचय देना चाहिए और अपनी जीवनशैली में ऐसे सकारात्मक बदलाव अपनाने चाहिए, जिनसे समाज एवं राष्ट्र को लाभ मिले।

खबर संक्षेप



मां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

सीहोर। शहर सहित जिलेभर में नवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसी क्रम में सीहोर शहर के गाड़ी अड्डा क्षेत्र में बहावलपुर समाज द्वारा स्थापित मां काली की 10 फीट ऊंची प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिमा का मनमोहक स्वरूप और कलात्मक बनावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।
माँ काली की इस भव्य प्रतिमा का निर्माण शिक्षक दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया है, जो शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनुखेड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे पिछले तीन वर्षों से इस पंडाल के लिए प्रतिमा निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा और मेहनत से मां काली की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। प्रतिमा के निर्माण में उन्हें लगभग 50 दिन का समय लगा। उन्होंने शासकीय सेवा से मिलने वाले समय का सदुपयोग करते हुए इस कार्य को पूरा किया।

दाऊदी बोहरा समाज ने बच्चों की आंखों की जांच कर वितरित किए चश्मे



सीहोर। दाऊदी बोहरा समाज द्वारा धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के निर्देशानुसार सुभाष स्कूल, गंज में बच्चों के लिए आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की आंखों की जांच कर उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाना और जरूरतमंद बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में दाऊदी बोहरा समाज के आमिल साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विद्यालय के प्राचार्य आशीष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर आमिल साहब द्वारा जांच के उपरांत आवश्यकता वाले बच्चों को चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी पढ़ाई में आंखों से संबंधित समस्याओं के कारण आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर समाज के मुस्तफा हुसैन गैस वाले, हुसैन अली, ताहिर अली, इदरीस भाई, हकीम भाई, शब्बीर सैफी, फखरुद्दीन सैफी, शब्बीर हुसैन, हूसैन अली जेकी, मोहम्मद भाई, युसूफ भाई सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने समझाई ड्रोन की बारीकियां, लाइव डेमो देकर सिखाए तकनीकी गुर

ड्रोन उड़ाने से लेकर तकनीकी कॅरियर की सीख पॉलिटेक्निक की 150 छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत कार्यशाला में छात्राओं ने सीखी ड्रोन संचालन की बारीकियां, सिमुलेशन और लाइव डेमो से समझी आधुनिक तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, कैरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को ड्रोन टेक्नोलॉजी पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय की करीब 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को ड्रोन की कार्यप्रणाली, संचालन, तकनीकी घटकों और इसके बढ़ते व्यावसायिक उपयोगों की जानकारी दी। लैपटॉप पर सिमुलेशन के साथ वास्तविक ड्रोन उड़ाकर किए गए प्रदर्शन ने छात्राओं को आधुनिक तकनीक को करीब से समझने का अवसर दिया।

विशेषज्ञों ने समझाई ड्रोन तकनीक की बारीकियां

कार्यशाला में आईआईडीटी की विशेषज्ञ टीम के सदस्य रजत कुमार, सीनियर आपीएएस इंस्ट्रक्टर एवं बीडीएम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मैनेजर-ऑपरेशंस (ड्रोन) तथा आशीष कुमार, आपीएएस इंस्ट्रक्टर एवं यूएवी इंजीनियर ने प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने ड्रोन के विकास, उसके तकनीकी घटकों, असेंबली प्रक्रिया और सुरक्षित संचालन की जानकारी दी। साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के नियमों, संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और आवश्यक तकनीकी दक्षताओं के बारे में भी बताया।

सिमुलेशन और लाइव डेमो से सीखा ड्रोन संचालन

कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण लैपटॉप पर सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण और वास्तविक ड्रोन का प्रदर्शन रहा। छात्राओं को सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ड्रोन की उड़ान, नियंत्रण प्रणाली और संचालन प्रक्रिया का चरणबद्ध अभ्यास कराया गया।

कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग में रोजगार के अवसर

विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन तकनीक का उपयोग अब कृषि में फसलों की निगरानी और कीटनाशकों के छिड़काव से लेकर भूमि सर्वेक्षण, मैपिंग, औद्योगिक निरीक्षण और आपदा प्रबंधन तक बढ़ रहा है। इस क्षेत्र के विस्तार से प्रशिक्षित युवाओं के लिए ड्रोन संचालन, तकनीकी रखरखाव, असेंबली, सर्वेक्षण और संबंधित सेवाओं में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं। संवाद सत्र में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विशेषज्ञों ने कौशल विकास, प्रशिक्षण और ड्रोन तकनीक में करियर बनाने की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया।

व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार पर जोर

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। प्राचार्य ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा, तकनीकी दक्षता और नवाचार को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी उभरती तकनीकों का ज्ञान छात्राओं के लिए नए अवसर खोल सकता है।

विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन के मार्गदर्शन में तकनीकी शिक्षा को प्रयोगात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डॉ. स्मिता शर्मा एवं श्री अभिनव सिंह की सहभागिता से भी छात्राओं को तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार और कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत आयोजित यह कार्यशाला छात्राओं को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने और उन्हें भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं में तार्किक सोच, समस्या समाधान, तकनीकी समझ और प्रयोगात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए विकल्पों से परिचित कराते हैं। महाविद्यालय का प्रयास है कि छात्राएं तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक कौशल में बदलकर आत्मनिर्भर और सक्षम तकनीकी पेशेवर बन सकें।

क्रिसेंट गरबा महोत्सव की प्रतिभागी बालिकाओं दिए जाएंगे 101 आकर्षक पुरस्कार

शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की साढ़े तीन हजार बालिकाएं करेंगी मनमोहक प्रदर्शन

सीहोर। क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही साढ़े तीन हजार बालिकाओं के द्वारा मंगलवार को आवासीय खेलकूद मैदान पर फाइनल रिहर्सल की गई। बुधवार 14 अक्टूबर, गुरुवार 15 अक्टूबर और शुक्रवार 16 अक्टूबर को विशेष गरबा प्रतिस्पर्धा का आयोजन होगा।क्रिसेंट गरबा महोत्सव की प्रतिभागियों को अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच 101 आकर्षक पुरस्कार प्रदान करेगा। प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कारों के रूप में प्रतिभागी बालिकाओं को कूपन के माध्यम से बाइक साइकिल फ्रिज टीवी वाशिंग मशीन कूलर सहित अन्य आकर्षक 101 विभिन्न वस्तुएं प्रदान की जाएगी।



बालिकाओं में बना है उत्साह : क्रिसेंट गरबा महोत्सव निशुल्क प्रशिक्षण आयोजन की संयोजक समाजसेविका अरुणा सुदेश राय ने बताया कि शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर विशाल गरबा महोत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही है। बीते 20 दिनों से मल्टी परपज हॉल में शहर सहित आसपास की ग्रामीण अंचलों की साढ़े तीन हजार बालिकाओं को गरबा नृत्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था प्रतिदिन माता जगदंबा की विधिवत पूजा अर्चना भी की जा रही थी।

विशिष्ट जनों का मंच पर सम्मान

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ही विश्व विख्यात शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित शहर की समाज सेवी संस्थाओं, पार्षदों, पत्रकारों, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, दुर्गा वाहिनी की बहनों, संडे का सुकून, गुरदा लंगर और विशिष्ट सामाजिक महिलाओं मात्र शक्तियों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

सेलिब्रिटी रश्मि देसाई आएंगी

विधायक सुदेश राय ने बताया कि दिनांक 14 अक्टूबर 15 अक्टूबर 16 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम के फाइनल राउंड अक्टूबर को सेलिब्रिटी रश्मि देसाई कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। टेलीविजन और फिल्मों की रश्मि देसाई बालिकाओं के साथ सामूहिक घर में हिस्सा लेंगे और महिलाओं बालिकाओं का उत्साहवर्धन करेंगी।

मैदान पर आकर्षक सजावट : कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए मैदान पर बेहतरीन साज सज्जा और अतिथि सत्कार की व्यवस्था की गई है। मैदान पर हजारों लोगों के बैठने के साथ वीआईपी गैलरी भी बनाई गई है। आकर्षक साउंड सिस्टम और लाइटिंग भी की गई है सुरक्षा के भी इंतजाम व्यापक रूप से किए गए हैं। सामूहिक गरबा पारंपरिक पारिवारिक वातावरण में व्यवस्थित रूप से आयोजित होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, रोमानी राय,वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय, विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, निलेश बंटी राय सुषमा राय,राजकुमार जायसवाल रिंकू, शीतल राय, रांझा राय, मिकी राय,राज राय, बिट्टू राय, संतोषी विजयवर्गीय सहित समस्त राय परिवार के सदस्यों ने शहर के समस्त नागरिकों को क्रिसेंट गरबा महोत्सव कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

सेवानिवृत्त वनपाल ने वेतन निर्धारण में गड़बड़ी और क्रमोन्नति नहीं मिलने का लगाया आरोप



सीहोर। सेवानिवृत्त वनपाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वन विभाग से वर्ष 2004 में वनपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए एक कर्मचारी ने वेतन निर्धारण में कथित गड़बड़ी और क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई है। सेवानिवृत्त कर्मचारी का आरोप है कि इस संबंध में वनमंडल कार्यालय से लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, भोपाल तक कई बार आवेदन देने के बावजूद उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। उन्होंने एक माह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

आवेदक के अनुसार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यु पी11595/2006 पर 18 जनवरी 2011 को पारित आदेश के पालन में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी, सीहोर ने आदेश क्रमांक 265 दिनांक 1 अगस्त 2011 जारी कर उन्हें 29 दिसंबर 1988 से वनपाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की थी। इसके बाद वेतन निर्धारण भी 3500-5200 रुपये के वेतनमान के अनुसार किया गया था। आवेदक का कहना है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, भोपाल के वेतन निर्धारण जांच प्रकोष्ठ द्वारा भी 29 दिसंबर 1996 को जारी आदेश क्रमांक 438 में उक्त वेतनमान को सही माना गया था।

वेतन निर्धारण बदलने से पेंशन प्रभावित होने का आरोप : सेवानिवृत्त कर्मचारी ने आरोप लगाया कि 1 अगस्त 2011 के आदेश के लगभग डेढ़ माह बाद तत्कालीन वनमंडलाधिकारी श्री रविंद्र सक्सेना द्वारा 15 सितंबर 2011 को आदेश क्रमांक 323 जारी कर उनका वेतन निर्धारण 3500-5100 रुपये के वेतनमान के आधार पर कर दिया गया। इसके बाद संशोधित पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किया गया, जिसके कारण उनकी पेंशन प्रभावित हो रही है। आवेदक का दावा है कि वनपाल के पद के लिए इस प्रकार का वेतनमान निर्धारित करना गलत है और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

न्यायालय के आदेश के बाद भी क्रमोन्नति नहीं मिलने का दावा : आवेदक ने बताया कि उन्होंने क्रमोन्नति का लाभ प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय में एक अन्य याचिका क्रमांक 18175/2012 भी दायर की थी। उनके अनुसार, 3 अप्रैल 2024 के आदेश के तहत 29 दिसंबर 1988 से 29 नवंबर 2000 तक की अवधि के लिए क्रमोन्नति का लाभ दिया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा अब तक इसका पालन नहीं किया गया है। आवेदक का यह भी कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद संबंधित अधिकारी पर 10 हजार रुपये की राशि का भुगतान करने का आदेश हुआ, लेकिन इसके बावजूद क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला। सेवानिवृत्त कर्मचारी ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप उनका वेतन निर्धारण सही किया जाए, संशोधित पेंशन संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाए और नियमानुसार क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने अधिकारों के लिए आमरण अनशन करने को विवश होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के साथ रातभर भी बिजली गुल, किसानों ने नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग की

सीहोर। जनपद प्रतिनिधि कमलेश पप्पु पटेल के नेतृत्व में कृषकगणों ने राष्टपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में दिया गया। जिसमें बताया कि सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। कम बारिश के कारण पहले से ही खेती पर संकट मंडरा रहा है, वहीं पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सिंचाई नहीं हुई, तो रबी की फसल की बोवनी प्रभावित हो सकती है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि उनके द्वारा विद्युत मंडल को समय-समय पर बिजली बिलों का भुगतान किया जाता है, इसके बावजूद मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। स्थिति यह है कि दिन के साथ पूरी रात भी बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है। इससे खेतों में सिंचाई करना मुश्किल हो गया है। जिले में अल्प वर्षा के कारण पहले ही किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। ऐसे में बिजली के अभाव में समय पर बोवनी नहीं हो पाने से रबी की फसल प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली कटौती का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। बिजली नहीं रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूली विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। किसानों के अनुसार, इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय विद्युत कार्यालयों में कई बार आवेदन दिए गए हैं और अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर नियमित बिजली आपूर्ति की मांग भी की गई है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लगातार हो रही कटौती के कारण जिले के ग्रामीण किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

सीहोर। शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर की आधा दर्जन से अधिक टीमों को शामिल किया गया है। कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल के द्वारा मैदान को शानदार बनाया है। उनकी मेहनत के कारण यहां पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। बुधवार को दो मैच खेले जाऐंगे। आरएसआई के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच आईईएस ब्लू और लुर्द माता और दूसरा मैच सेंट मेरी स्कूल और भैरुंदा के मध्य खेला जाएगा।

युवा उत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर में युवा उत्सव 2026-27 के अंतर्गत 13 अक्टूबर 2026 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं आकर्षक रंग संयोजन के माध्यम से सुंदर रंगोलियाँ बनाईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला, सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में निर्णायक समिति के रूप में हिमांशु राय, राकेश यादव, राजेश गोयल, निखिलेश गुर्जर एवं टीना दुबे उपस्थित रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रंगोली का मूल्यांकन विषय-वस्तु, कलात्मकता, रंग संयोजन एवं प्रस्तुति के आधार पर किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनिषा विश्वकर्मा (बी.ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान अंकिता परमार (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान अपेक्षा रवलिया (बी.एससी. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। प्रतियोगिता में अंकिता परमार, तनु बकोरिया, तनिषा विश्वकर्मा, सपना सिसोदिया, लक्ष्मी चौहान, अपेक्षा रवलिया, शीतल वर्मा, भावना वर्मा, निशा सेन, शिवानी मेवाड़ा एवं अनामिका वर्मा सहित कुल 11 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की प्रभारी रचना सिसोदिया एवं खुशी राठौर रहीं। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में कला, उत्साह एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बेहद खराब : कलीम पठान

बिजली कटौती पर दोराहा ब्लॉक कांग्रेस का अल्टीमेटम, सीएम हाउस घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा

जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त जनता की आवाज बनते हुए दोराहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कलीम पठान ने विद्युत मंडल के महाप्रबंधक से लेकर सीएम हाउस तक घेराव करने की चेतावनी दी है। कलीम पठान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। दिन और रात में दर्जनों बार अघोषित कटौती की जा रही है, जिससे किसानों को परेशानी आ रही है तो वही विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। आम नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।



तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

ब्लॉक अध्यक्ष कलीम पठान ने विद्युत विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस कार्यकर्ता पहले विद्युत मंडल के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करेंगे और उसके बाद भोपाल में सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि यदि विभाग ने व्यवस्था नहीं सुधारी तो क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों से बिजली बिल जमा नहीं करने की अपील की जाएगी। बिजली कर्मचारी यदि बिल वसूली के लिए गांव में आएंगे तो उन्हें भी रोका जाएगा।

ज्ञापन सौंपकर की मांग

इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बार-बार होने वाली अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।कलीम पठान ने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता समय पर पूरा बिजली बिल जमा कर रहे हैं, तो उन्हें पूरी बिजली क्यों नहीं मिल रही है? विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।अब देखना होगा कि कांग्रेस की इस चेतावनी के बाद विद्युत विभाग व्यवस्था सुधारने के लिए क्या ठोस कदम उठाया है।

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की समीक्षा, लंबित शिकायतों पर सख्ती के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ टॉप 10 व समग्र आधार ई-केवाईसी में टॉप 3 में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में कलेक्टर डॉ. गिरीष कुमार मिश्रा द्वारा समय-समय पर सख्ती से की गई मॉनीटरिंग का परिणाम निकलकर प्रदेष में सामने आया है। इसी को लेकर सोमवार को कलेक्टर डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक एवं जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, जनविश्वास अभियान, कानून-व्यवस्था एवं अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं, आधार मॉनिटरिंग बैठक में आधार पंजीयन, ई-केवाईसी, निष्क्रिय ईसीएमपी किट तथा विद्यार्थियों के आधार संबंधी लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिले के मध्यप्रदेश के टॉप-10 में और समग्र आधार ई-केवाईसी में राजगढ़ जिले के प्रदेश में टॉप-3 स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समन्वित प्रयास जारी रखते हुए शिकायतों का प्रभावी निराकरण किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा प्रत्येक शिकायत पर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगर परिषद के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के निर्देश दिए।



लंबित शिकायतों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये जुर्माना

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने वाले चार अधिकारियों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये के मान से जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा इकरार अहमद, तहसीलदार पचोर अकलेश मालवीय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी खिलचीपुर देवनारायण दांगी तथा उप प्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित गौरव गुप्ता शामिल हैं। जनविश्वास अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग की विगत सात दिनों में 13 शिकायतों का निराकरण नहीं कराए जाने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आवास संबंधी 10 शिकायतें लंबित रहने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशीष के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायतों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण नहीं कराए जाने पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

अवमानना प्रकरणों में समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएगी।

नवरात्रि में थानों की मांग के अनुसार कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नवरात्रि पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि थानों से प्राप्त मांग के अनुसार आवश्यक संख्या में कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

आधार सेवाओं के विस्तार के लिए निष्क्रिय किट की समीक्षा

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), राज्य कार्यालय भोपाल के प्रतिनिधि अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में निष्क्रिय ईसीएमपी किट की समीक्षा करते हुए यूआईडीएआई के राज्य कार्यालय से ऐसी किटों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक किट से प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों के औसत की समीक्षा की गई। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को वितरित की गई किटों की संख्या की जानकारी लेते हुए जिले के अन्य सीएससी को भी किट उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) को सक्रिय करने के निर्देश दिए, ताकि इसके माध्यम से भी आधार पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं एमबीयू लंबित मामलों पर दिया जोर

बैठक में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) की लंबित स्थिति तथा ऐसे विद्यार्थियों की संख्या की समीक्षा की गई, जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं लंबित बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने, आधार संबंधी सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करने तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

5 दिवसीय महोत्सव, 51 फीट की चुनरी लेकर निकली महिलाएं, मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं, युवाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन कर आरती की। शोभायात्रा में महिलाएं 51 फीट लंबी चुनरी लेकर चल रही थीं, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। वहीं, वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर भजन प्रस्तुत करते कलाकारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर महिला-पुरुष नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

मावलिया माता मंदिर में चढ़ाई चुनरी

शोभायात्रा समाज की कुलदेवी मावलिया माता मंदिर पहुंची, जो डूंगरी रोड पर स्थित है। यहां समाजजनों ने माता को 51 फीट की चुनरी अर्पित कर पूजन-अर्चन एवं आरती की। इसके बाद समाज की धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की आरती की गई। समाज अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण भी किया गया।

महासभा में लिए समाजहित के निर्णय

जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर में समाज की महासभा आयोजित की गई। इसमें मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के विकास एवं हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों ने समाजजनों को एकजुट होने का अवसर दिया। देर रात 'तोलमोल के बोल' गेम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

खबर संक्षेप



70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दीपाखेड़ा की छात्रा कृष्णा ने रग्बी में जीता कांस्य पदक

मंदसौर। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 इंदौर में आयोजित रग्बी खेल प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. दीपाखेड़ा की छात्रा कु. कृष्णा ने अंडर 19 में उज्जैन संभाग की ओर से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए रग्बी जिला कोच दिशा सेन के नेतृत्व में खिलाड़ी सम्मिलित हुए। रग्बी प्रतियोगिता में अंडर 19 बालिका में तृतीय स्थान के लिए उज्जैन व नर्मदापुरम संभाग का मैच हुआ, जिसमें उज्जैन संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा कु. कृष्णा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि शा.उ.मा. विद्यालय दीपाखेड़ा के लिए बड़े ही गर्व का विषय रही है। इसी अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश शुक्ला ने छात्रा कृष्णा व खेल शिक्षिका दिशा सेन का मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही विद्यालय के खेल प्रभारी बलभद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को खेल का महत्व समझाते हुए छात्रा कृष्णा व खेल शिक्षिका दिशा सेन का सम्मान किया व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रदान कीं। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार आचार्य ने दी।

सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन आज, उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श पर होगी चर्चा

मंदसौर। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को मंदसौर में सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 5 बजे से 41, अग्रसेन नगर विस्तार, रोटरी सेवा सदन के पास, पद्मावती रिसोर्ट के पीछे, अभिनंदन नगर, मंदसौर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजीजुल्ला ख़ान उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी के अनुसार आयोजन का उद्देश्य उर्दू साहित्य की विभिन्न विधाओं पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना तथा साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने मंदसौर की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए आयोजन की सफलता व सार्थकता के प्रति विश्वास व्यक्त किया। वहीं, मंदसौर जलि की समन्वयक समीक्षा सरल ने मंदसौर के साहित्यिक वातावरण को देखते हुए कार्यक्रम में साहित्यप्रेमियों की अच्छी उपस्थिति के प्रति अकादमी को आश्वस्त किया। इस अवसर पर आमंत्रित शायरों में प्रमोद रामावत, नरेंद्र भावसार, नंदकिशोर राठौर, नरेंद्र त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रकला सिंह, अजय डांगी, ईश्वर सिंह डांगी, कलीम शाह, सुरेंद्र सुमन एवं मनी चौहान शामिल हैं।

संतान व अपने पर आश्रित परिवारीजनों को धर्म से जोड़ो : प्रत्यक्षरत्नजी

मंदसौर। धर्मबिन्दु ग्रंथ शास्त्र में आचार्य हिरसूरी म. सा. ने मनुष्य को अपने सामान्य धर्म का पालन करते हुए क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये इसका विस्तार से वर्णन किया है। अपने घर परिवार में रहते हुए गृहस्थ व्यक्ति को अपने पर आश्रित पत्नी माता पिता बच्चों की किस प्रकार देखरेख करना चाहिये इसके विषय में बताया गया है। मनुष्य को अपने पर आश्रित बच्चों की शिक्षा, विद्याध्ययन कैसे कराना चाहिये इसके विषय में भी बताया है। परिवार के सदस्यों की जैसी रुचि हो उन्हें उस रुचि के अनुसार उन्हें धर्म शिक्षा व व्यवसाय में जोड़ना चाहिये। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म. सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में आयोजित धर्मसभा (व्याख्यान) में कहे। आपने मंगलवार की धर्मसभा में कहा कि शास्त्रकार हिरसूरिश्वरजी ने धर्मबिन्दु ग्रंथ में कहा कि आजकल के माता पिता की संतान के विवाह व उन्हें बिजनेस में स्थापित करने की ही चिन्ता रहती है। संतान का विवाह माता पिता को सही समय पर कर देना चाहिये। आजकल 30-35 वर्ष तक विवाह नहीं करने का जो ट्रेंड चल रहा है वह उचित नहीं है। कन्या का विवाह 18 वर्ष तथा पुत्र का विवाह 21 वर्ष की आयु होने पर उचित वर वधु देखकर कर देना चाहिये। जीवन में खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिये। अपने घर में अभक्ष पदार्थ नहीं आवे तथा रसोई में नहीं बने इसका ध्यान भी श्रावक श्राविका को रखना चाहिये। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

जीवन में सुपात्र दान की महत्ता समझो : विरलविजय

मंदसौर। जीवन में दान पुण्य की महत्ता सभी समझते है संसार के सभी धर्म दान की महत्ता को स्वीकार करते है। दान किस तरह हो, किसे दिया जाये, कैसे दिया जाये, किन भावों के साथ दिया जाये यह शांतसुधा रस शास्त्र में विस्तार से बताया गया है। संसार में सुपात्र दान को विशिष्ठ दान माना गया है। जीवन में विनम्रता के भाव से दक्षिणा पूर्वक भाव पूर्वक जो दान दिया जाता है उसे ही सुपात्र दान माना गया है। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म. सा. ने कहे। आपने मंगलवार की यहाँ धर्मसभा में कहा कि दान देते समय हमारे मन में अहंकार की भावना बिल्कुल नहीं होना चाहिये तथा दान देने के बाद पछतावे का भाव नहीं अपना चाहिये। जो दान ले रहा है उसके प्रतिदिन भावना नहीं होना चाहिये। प्रभु महावीर सहित जितने भी तीर्थंकर हुए उन्होंने दीक्षा के पूर्व पुरे मनोभाव से सुपात्र दान किया। प्रभु महावीर ने अपने पास कुछ नहीं रखा।

राम रघुवंशी आज जिले में गौशालाओं का भ्रमण करेंगे

मंदसौर। जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं स्लॉटर हाउस कमेटी के अध्यक्ष राम रघुवंशी 14 अक्टूबर को मंदसौर जिले में गौशालाओं का भ्रमण करेंगे एवं मंदिर मे दर्शन करेंगे।

नवरात्रि उत्सव में बेटियों का उत्साह 172 बालिकाओं ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

संस्था युवधर्म द्वारा आयोजित शक्ति की आराधना आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान में बालिकाओं का उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में कुल 172 बालिकाओं ने पंजीयन करवाया। बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा में सक्षम बनाने के उद्देश्य से लगभग 25 प्रशिक्षकों द्वारा जूडो-कराटे, लाठी चलाने और तलवारबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आयोजन की खास बात यह है कि प्रतिदिन माँ दुर्गा की आरती में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली मातृशक्तियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर



वाल्मीकि समाज की मातृशक्ति ने अतिथि के रूप में सहभागिता की, जबकि द्वितीय दिवस की आरती में महिला अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया। संस्था युवधर्म की यह पहल न केवल बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखा रही है, बल्कि समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं को सम्मान देकर बालिकाओं के लिए प्रेरणा का माध्यम भी बन रही है। अभियान का उद्देश्य हर बेटी में यह विश्वास जगाना है कि वह आत्मविश्वास और साहस के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकती है।

कलेक्टर ने समस्याओं पर सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान 64 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने भी जनसुनवाई की जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम सेमलिया हीरा निवासी सुरज ने भुखण्ड का कब्जा व पट्टा दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मल्हारगढ़ निवासी



प्रकाश ने कृषि भूमि पर आने जाने के लिए रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। तहसीलदार मल्हारगढ़ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नारायगण निवासी सुनिल ने शासकीय भूमि को संरक्षित करवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि से कब्जा दिलवाने, राजस्व नक्शा दुरूस्त करवाने, नामांतरण करवाने, नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान करवाने, भुखंड का मालिकाना हक व रजिस्ट्री दिलवाने, भूमि की नप्ती व सीमांकन करवाने, नक्शा अनुसार नप्ती व पंचनामा बनवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में दलौदा का परचम, रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा

दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक, मंदसौर जिले का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



प्रदेश की राजधानी भोपाल में 9 एवं 10 अक्टूबर को आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय एस कियू ए वाय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में मंदसौर जिले के दलौदा स्थित दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 25 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण एवं 1 रजत सहित कुल 9 पदक जीतकर रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में अंडर-19 के 50 किग्रा वर्ग में जगदेव पंवार, 70 किग्रा में माधवराज भाटी, 55 किग्रा में नैतिक राठौर तथा 66 किग्रा में हरिओम पाटीदार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अंडर-17 के 45 किग्रा वर्ग में चंद्रशेखर कुमावत, 60 किग्रा में करण व्यास और 50 किग्रा में भूपेंद्र पाटीदार ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर-14 के 45 किग्रा वर्ग में निलेश चौधरी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी क्रम में अंडर-17 के 48 किग्रा वर्ग में कृष्णा कुमावत ने रजत पदक जीतकर विद्यालय की पदक तालिका में एक और उपलब्धि जोड़ी। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर सोनाली जैन एवं प्राचार्य प्रदीप शेरावत ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 9 पदकों के साथ रनर-अप ट्रॉफी हासिल कर दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया।

विधायक जैन ने वित्त मंत्री से जल्द अफीम नीति घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



अफीम नीति 2026-27 अब तक घोषित नहीं होने से मंदसौर, नीमच सहित अफीम उत्पादक क्षेत्रों के किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष सितंबर माह में ही अफीम नीति जारी कर दी गई थी, लेकिन इस वर्ष अक्टूबर माह शुरू होने के बावजूद नीति घोषित नहीं हुई है। ऐसे में खेत बुआई के लिए तैयार होने के बावजूद किसान असमंजस में हैं। इस संबंध में क्षेत्र के विधायक विपिन जैन द्वारा वित्त मंत्री,भारत सरकार को पत्र भेजकर अफीम नीति शीघ्र घोषित करने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया कि अक्टूबर के पहले और दूसरे सप्ताह में अफीम की बुआई होने पर मौसम की अनुकूलता का लाभ मिलता है और उत्पादन बेहतर रहता है। नीति जारी होने में देरी से बुआई प्रभावित होने के साथ फसल में रोग का खतरा बढ़ सकता है और उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विधायक जेन ने अपने पत्र में इस वर्ष क्षेत्र में कम बारिश को लेकर भी चिंता जताई है । उनका कहना है कि फसल के अंतिम चरण में पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में कम वर्षा के कारण सिंचाई की समस्या सामने आ सकती है। बुआई में देरी का असर आगे अफीम तौल तथा सीपीएस डोडा तुड़ाई और तुलाई के दौरान वजन पर पड़ने की आशंका भी जताई गई है । जेन ने सरकार से मार्फिन की औसत सीमा कम करने, पुराने चीरा पद्धति के आधार पर अफीम के पट्टे जारी करने तथा पूर्व में काटे गए सभी पट्टों को बहाल करने की मांग की है ।

आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मंदसौर। राज्य आपदा प्राधिकरण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के पालन मे आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण का आयोजन 6 अक्टूबर 12 अक्टूबर तक समापन के अंतर्गत 125 प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान बोट इंजन संचालन, ड्राई रेस्क्यू, हेड टो, चिन टो एवं पेट्रोलिंग के दौरान रेस्क्यू कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षार्थियों को बताया गया कि बाढ़ एवं जल आपदा के दौरान बोट इंजन का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाता है तथा संकट में फँसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किन बचाव तकनीकों का उपयोग किया जाता है। साथ ही, हेड टो एवं चिन टो तकनीक के माध्यम से पानी में फँसे व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। एयर रेस्क्यू एवं ड्राई रेस्क्यू के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा पेट्रोलिंग के दौरान आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित, प्रभावी एवं त्वरित बचाव कार्य करने के लिए सक्षम बनाना तथा जन-धन की हानि को कम करना रहा।

चोरी की बाइक से अवैध शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रतलाम जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व अज्ञात वाहन चोरी के आरोपियों की पतारसी के लिए निर्देशित किया गया है। जिनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल, अनुविभागीय अधिकारी जावरा ग्रामीण संदीप मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी आलोट पल्लवी गौर, एसडीओपी सैलाना लेखराज मीणा के मार्गदर्शन में अनुभाग आलोट एवं जावरा ग्रामीण की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 11 अक्टूबर को अवैध कच्ची शराब



की तस्करी करते दो आरोपी हरपाल पिता धारिया कंजर एवं अर्जुन पिता लखन कंजर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं एक मोटरसाईकिल जप्त की गई। जिसपर थाना ताल पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया।

दोनों आरोपियों ने पूछताछ पर जब्त मोटरसाईकिल को ग्राम भाटखेड़ा से चोरी करना बताया। जिसके संबंध में थाना कालूखेड़ा में अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया। जिसके आधार पर दोनों आरोपियों से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की गई जिसपर आरोपी हरपाल एवं अर्जुन कंजर ने अन्य साथी लखन पिता हरीलाल कंजर के साथ मिलकर 16 मोटरसाइकिल चोरी एवं 1 लोडिंग वाहन छोटा हाथी की चोरी की वारदाते कबुल की। गैंग के अन्य आरोपी लखन पिता हरीलाल कंजर को भी गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों से चोरी की 6 मोटरसाइकिल जब्त की हैं।

मुख्यमंत्री ने तेजकुंवरबाई काश्यप को पुष्पांजलि अर्पित कर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री चैतन्य काश्यप की माता एवं समाजसेवी तेजकुंवरबाई काश्यप के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने रतलाम स्थित विसाजी मैंशन, स्टेशन रोड पहुंचकर स्वर्गीय तेजकुंवरबाई काश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए



ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया।

खबर संक्षेप

चोरी की तीन घटनाओं का किया खुलासा



सीहोर। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना द्वारा जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरी की वारदातों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर निरीक्षक श्याम कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सायबर सेल कि मदद से प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के तीन प्रकरणों का खुलासा किया गया है। थाना जावर में पंजीबद्ध अपराधों के प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए कृष्णपाल उर्फ कल्लू पिता मोहनलाल सेन, उम्र 27 साल निवासी ग्वाला, विनोद पिता बाबूलाल, उम्र 28 साल निवासी पीपलिया सलारसी को तीनों अपराध में गिरफ्तार कर न्यायालय आष्टा पेश किया गया, न्यायालय आष्टा द्वारा दोनों आरोपियों को जिला जेल सीहोर निरुद्ध किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कॉपर केबल एवं मशीन डिस्प्ले बरामद किया गया एवं दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है जिनसे चोरी गया मसरूका जप्त किया जाना शेष है।

श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम है महिषासुर मर्दिनी माता का मंदिर

राहगीरों को माता ने स्वप्न देकर कहा था यहीं बस्ती बसाओ तब से नाम पड़ा जावर

सुबह-शाम महाआरती में सैकड़ों भक्त शामिल हो रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जिले का जावर क्षेत्र आज न सिर्फ अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए बल्कि मां महिषासुर मर्दिनी के चमत्कारी धाम के रूप में पूरे मालवा-निमाड़ में प्रसिद्ध है। इंदौर-भोपाल हाईवे से महज 4 किलोमीटर अंदर बसा यह मंदिर जिला मुख्यालय सीहोर से 75 किमी, इंदौर से 85 किमी और भोपाल से 105 किमी की दूरी पर स्थित है। हाईवे पर जावर जोड़ से 3 किमी अंदर जाते ही माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। कहा जाता है कि यह मंदिर सैकड़ों वर्ष प्राचीन है और यहां हर नवरात्रि में कोई न कोई चमत्कार देखने को मिलता है। बुजुर्ग बताते हैं कि आज भी नवरात्रि की रात्रि में मंदिर परिसर में घुंघरुओं की मधुर आवाज सुनाई देती है, मानो स्वयं माता रानी मंदिर में विचरण कर रही हों। यही कारण है कि यह स्थान आस्था और कौतूहल दोनों का केंद्र बना हुआ है।

ऐसा है मंदिर का इतिहास

स्थानीय मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में यहां घना बियावान जंगल हुआ करता था। अंग्रेजों के शासनकाल में कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए इसी जंगल में शरण लिए हुए थे। तभी उनमें से एक भक्त को रात्रि में माँ ने स्वप्न देकर कहा यहाँ से जा मत, मैं तेरी रक्षा करूंगी, यहीं गाँव बसा। माता के आदेश पर ही यहाँ बस्ती बसी, जो पहले 'जामत' कहलाई और कालांतर में जिसका अपभ्रंश होकर नाम जावर पड़ा। महिषासुर मर्दिनी नाम के पीछे भी एक रोचक कथा है। लगभग तीस वर्ष पूर्व जब मंदिर में माता का चोला बदला जा रहा था, तब साधारण सी दिखने वाली मूर्ति में स्पष्ट रूप से छह भुजाओं वाली देवी माँ महिषासुर का वध करते हुए प्रकट हुईं। इस अलौकिक दृश्य को देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। तभी से यहाँ की देवी को महिषासुर मर्दिनी के नाम से पुकारा जाने लगा।

तीन रूप बदलती हैं माता

इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि नवरात्रि के दिनों में माँ दिन में तीन बार अपना रूप बदलती हैं। प्रातः काल में बाल्यावस्था के रूप में माँ के चेहरे पर मासूमियत, दोपहर में प्रौढ़ावस्था में तेज और सायंकाल में वृद्धावस्था के रूप में करुणा और ममता के दर्शन होते हैं। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ खिंचे चले आते हैं।

उमड़ता है आस्था का सैलाब

वर्तमान में शारदीय नवरात्रि के चलते मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता चौक से गांधी चौक तक पूरे बाजार को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में भी रंग-बिरंगी लाइटों की सजावट बरबस ही सभी का मन मोह लेती है। प्रतिदिन माँ का अलग-अलग रूपों में विशेष श्रृंगार किया जा रहा है और सुबह-शाम महाआरती में सैकड़ों भक्त शामिल हो रहे हैं।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने दिया धरना

सब स्टेशन पर जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर बिजली विभाग द्वारा कटौती की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या ग्रामीण क्षेत्रों में इंसान नहीं रहते जो बिजली कटौती रात में हर 1 दो घंटे पर होती है। बिजली कटौती से परेशान होकर ग्रामीणों ने कजलास सब स्टेशन पर रात 11 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर रोड जाम किया। ग्रामीणों की मांग थी कि हमें सिर्फ रात में बिजली चाहिए। दिन में आप लोड शेडिंग के नाम पर बिजली कटौती कर लो, लेकिन रात में नहीं हम आसपास के ग्रामीण सभी लोग किसान एवं मजदूर तो कोई नौकरी करता है दिन भर रात के समय जब घर पर आते हैं तो हमें बिजली नहीं मिलती है। हम गांव के लोग चैन से सो भी नहीं पाते है। इसी बात को लेकर सभी आस पास के ग्रामीणों ने रात भर सब स्टेशन के बहार रात गुजारी और सुबह रोड जाम किया। इसीको लेकर बिजली विभाग के उच्च अधिकारी एई आशीष सिंह, जेई गणपति चौहान, पुलिस प्रशासन से टीआई श्याम सूर्यवंशी और पुलिस स्टाफ मोके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की और आश्वासन दिया कि बिजली कटौती में सुधार किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि आगे से बिजली कटौती में सुधार किया जाए, बिजली कटौती नहीं होगी। गांव वासियों को आश्वासन दिया गया और मौके पर रोड जाम खुलवाया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीण राजा ठाकुर सरपंच कुण्डिया नाथू, धर्मेंद्र प्रजापति, रविन्द्र सिंह ठाकुर, घनश्याम सिंह, राहुल सिंह, देवेन्द्र सिंह,रामू गुप्ता,दादु, लल्ला ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, धर्मेंद्र एवं कजलास, कुण्डियानाथू, बमुलिया रायमल, बिसूखेडी, छायन, महोडीया के ग्रामीण उपस्थित रहे।

आज नगर में निकलेगी चुनरी यात्रा, मां पार्वती को करेंगे अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संपूर्ण नगर मातारानी की भक्ति में लीन है। नगर में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मातारानी की विशेष उपासना की जा रही है। देवी मंदिरों में अल सुबह से लेकर देर रात्रि तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं आकर्षक ढंग से सजाए गए देवी पंडालों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसी भक्तिमय माहौल के बीच नगर में चुनरी यात्रा का आयोजन बुधवार को होने जा रहा है। यह आयोजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में तथा राहुल वाल्मिकी के आयोजकत्व में संपन्न होगा। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि भव्य चुनरी यात्रा 14 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 3 बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर गांधी चौक से विधि-विधान से प्रारंभ होगी। इसके बाद यह यात्रा ढोल-धमाकों और माता के जयकारों के साथ नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पार्वती नदी तट पर पहुंचेगी। जहां जीवनदायिनी मां पार्वती नदी को पूरे आदर और श्रद्धा के साथ चुनरी अर्पित की जाएगी।

नागरिकों से की अपील

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस भव्य धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हों। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर माँ जगदम्बा और माँ पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है

मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के नेतृत्व में किया स्वागत-सम्मान



आष्टा। नवरात्रि पर्व के अंतर्गत स्थानीय श्री मानस भवन में आयोजित जयश्री भजन संध्या कार्यक्रम में भाग लेने आए मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा विभाग मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के नेतृत्व में विधायक कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों व सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आष्टा नगर मंडल अध्यक्ष अंजली विशाल चौरसिया के नेतृत्व में सभी मातृशक्तियो ने मंत्री जी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। विधायक कार्यालय पर नप जावर-कोठरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, मनोज वैद्य, मंडल अध्यक्ष जावर एवं डोडी के अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर,नरेन्द्रसिंह ठाकुर,युवा मोर्चे के जिलाध्यक्ष महेंद्रसिंह ठाकुर धाम सहित सभी उपस्तिथ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ, पार्षदों,युवा मोर्चे, महिला मोर्चे की कार्यकर्ताओ सहित बड़ी संख्या में उपस्तिथ सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत सम्मान किया।

लगातार हो रही बिजली कटौती की समस्या को लेकर विधायक ने एसी और डीई के साथ बैठक कर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित शिकायतों को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मंडल के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने सर्किट हाउस में बैठक की। आज-कल में व्यवस्थाओं को ठीक करने की बात अधिकारियों ने विधायक को कही। विधायक कार्यालय से दी गई जानकारी अनुसार विधायक ने बिजली मंत्री, मप्र बिधुत वितरण कंपनी भोपाल के सीजीएम, कलेक्टर व एसी से चर्चा कर लोड शेडिंग के तहत रात्रि में ग्रामीण क्षेत्रो में जो बिजली काटी जा रही है, जिससे किसान एवं ग्रामीण जन परेशान हैं विद्यार्थी परेशान हैं। विधायक ने अधिकारियों के सामने कड़ी नाराजी व्यक्त कर चेतावनी दी थी की क्षेत्र में दो दिन में बिजली कटौती की समस्या का निदान करें।

विधायक ने विद्युत वितरण कंपनी की एसी पूनम टुमरान व डीई रमेशसिंह के साथ बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों की समस्या से अवगत कराया। स्पष्ट निर्देश दिये कि विधानसभा क्षेत्र में लोड शेडिंग के तहत जो कटौती हो रही है उसको तत्काल सुधारे व कटौती का ऐसा प्लान बनाये की ग्रामीण क्षेत्र के नागरिको, किसानों को परेशानी ना हो। अधिकारियों ने दो दिन में व्यवस्थाए सुधारने का भरोसा विधायक आष्टा को दिया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दशहरा, नवरात्रि पर्व की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



आगामी दशहरा एवं नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद जावर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा नगर में पर्व संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही दशहरा पर्व पर निकलने वाले जुलूस मार्ग एवं रावण दहन स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ सोनी ने जुलूस मार्ग पर साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही रावण दहन स्थल पर आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए नगर के प्रमुख मार्गों, धार्मिक स्थलों एवं आयोजन स्थलों पर विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि पर्व के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सीएमओ हरीश कुमार सोनी ने पर्व से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सहयोग प्रदान किया।नगर परिषद जावर द्वारा आगामी दशहरा एवं नवरात्रि पर्व को लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा नगर में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली माही कंडारे का नपाध्यक्ष ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की हौनहार खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर नगर का नाम रोशन किया है। स्थानीय सांदीपनि विद्यालय की छात्रा माही कंडारे ने भोपाल के टीटी नगर में आयोजित खेलो इंडिया राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। माही की इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

छात्रा की इस गौरवपूर्ण सफलता पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने निज कार्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित माही कंडारे का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कड़ी मेहनत से ही प्राप्त होती है सफलता - स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि माही कंडारे ने राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ अपने माता-पिता और विद्यालय का, बल्कि पूरे आष्टा नगर का गौरव बढ़ाया है। सीमित संसाधनों के बीच अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से माही ने यह मुकाम हासिल किया है, जो नगर के अन्य युवाओं और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। कड़ी मेहनत से ही सफलताएं प्राप्त होती है। नगर पालिका हमेशा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें हर संभव मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने माही के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश में नगर का नाम रोशन करें। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, पूरणसिंह मेवाड़ा, बंटी कंडारे, विजय मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर जागरुकता सत्र आयोजित

समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर, जिला-सीहोर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. शर्मिला गांगले ने छात्राओं को महिला स्वच्छता एवं व्यक्तिगत हाइजीन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

वहीं नीतू परवाल ने महिला स्वास्थ्य विषय पर जानकारी देते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य में होने वाले परिवर्तनों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या का समय रहते समाधान कराने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. सुमन भदौरिया ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं व्यक्तिगत परेशानियों को मन में दबाकर न रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपनी किसी भी स्वास्थ्य या व्यक्तिगत समस्या के संबंध में महाविद्यालय की महिला शिक्षकों अथवा घर की महिला सदस्यों से बिना संकोच चर्चा करें और आवश्यकता होने पर उचित मार्गदर्शन एवं सहायता प्राप्त करें। उन्होंने छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने तथा आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी प्रेरित किया। सत्र के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम से छात्राओं में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। सत्र छात्राओं के लिए उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं जागरूकतापूर्ण रहा।

शारदीय नवरात्रि पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रहे कई धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शारदीय नवरात्रि का पर्व खाचरौद सहित आसपास के पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोला गांव, रामपुरा, अवलीखेड़ा, छापर, बड़घाटी, कन्नौद, शिवजी, नौगांव, बापचा, बरामद में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाएगी। खाचरौद के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर अखंड ज्योति का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं बस स्टैंड, हनुमान मंदिर व बाजार में आकर्षक साज-सज्जा कर पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना की गई है, जहां सुबह-शाम ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। नवरात्रि के तीसरे दिवस हनुमान मंदिर चौराहा पर नमामि इंटरनेशनल स्कूल खाचरौद के बच्चों द्वारा मां दुर्गा की आरती पूजन कर प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।